उत्तर प्रदेश शासन

नियोजन अनुभाग-4

संख्या :213/2019/1203/35-4-2019

दिनांक : लखनऊ :25 अप्रैल, 2019

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

आर्थिक जगत के औपचारिक एवं अनौपचारिक क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त आर्थिक क्रियाकलापों की सम्पूर्ण गणना कराने के उददेश्य से भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019 में देशव्यापी सातवीं आर्थिक गणना सम्पादित कराये जाने का निर्णय लिया गया है। इस गणना से प्रदेश के समस्त उद्यमों की स्थिति, संकार्य की प्रकृति, रोजगार आदि से सम्बन्धित आधारभूत आंकड़े उपलब्ध होंगे, जिनका उपयोग देश/प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु संतुलित नीति निर्धारण एवं नियोजन में किया जाएगा। यह कार्य भारत सरकार द्वारा निर्धारित मार्ग-निर्देशों के अनुसार सम्पन्न किया जाना है, जिसमें वृहद प्रक्रिया निहित है। आर्थिक गणना के क्षेत्रीय कार्य को सामान्य सेवा केन्द्रों के माध्यम से सम्पादित किया जाना है।

2- आर्थिक गणना के कार्य को भारत सरकार द्वारा निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक पूर्ण कराने हेतु मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में **"राज्य स्तरीय समन्वय समिति" (SLCC)** का गठन निम्नवत किया जाता है :-

1-	मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन	-	अध्यक्ष
2-	अवस्थापना एवं औदयोगिक विकास आयुक्त	-	सदस्य
3-	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, श्रम विभाग	-	सदस्य
4-	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, पंचायती राज विभाग	-	सदस्य
5-	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग	-	सदस्य
6-	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग	-	सदस्य
7-	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग	-	सदस्य
8-	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, सहकारिता विभाग	-	सदस्य
9-	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग	-	सदस्य
10-	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग	-	सदस्य
11-	आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग, उत्तर प्रदेश	-	सदस्य

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

12- उप महानिदेशक, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (क्षेत्र संचालन प्रभाग) NSSO (FOD) लखनऊ - सदस्य

13- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, नियोजन/ स्टेट नोडल आफीसर - सदस्य-सचिव

<u>समिति द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्य :-</u>

1- राज्य में सातवीं आर्थिक गणना के संचालन सम्बन्धी तैयारी, प्रगति एवं आर्थिक गणना के संचालन में आने वाली बाधाओं का नियमित रूप से अनुश्रवण।

2- राज्य के बिजनेस रजिस्टर जैसे मौजूद डेटाबेस के अतिरिक्त सत्यापन के माध्यम से निरीक्षित किए गए आंकड़ों की पूरी कवरेज सुनिश्चित करना।

3- राज्य/संघ शासित क्षेत्र तथा राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (क्षेत्र संचालन प्रभाग) के पर्यवेक्षकों द्वारा किये गये पर्यवेक्षण आधारित आंकड़ों की शुद्धता/गुणवत्ता के आधार पर रिपोर्ट तैयार करना।

4- नागरिकों एवं व्यावसायिक संगठनों को सामान्य सहयोग के लिए जागरूक करना।

5- जिला स्तरीय समन्वय समिति से प्राप्त फीडबैक का अनुश्रवण एवं यदि कोई विचाराधीन विषय हो तो उसका समाधान करना।

6- आर्थिक गणना के राज्य स्तर के अनन्तिम परिणामों को अनुमोदित करना।

अनूप चन्द्र पाण्डेय
मुख्य सचिव।

<u>पत्रांक :213/2019/1203(1)/35-4-2019 तददिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- समिति के सदस्यगण।
2- समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।
3- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
4- समस्त विभागाध्यक्ष, उ0प्र0।
5- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
7- निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
8- निदेशक, अर्थ एवं संख्या, उ0प्र0।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

9- उप महानिदेशक, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (क्षेत्र संचालन प्रभाग) NSSO (FOD), मध्य क्षेत्र, लखनऊ ।

10- महानिदेशक (ई0एस0), केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के अर्द्धशा0 पत्रांक-P-11012/5/2018/ESD दिनांक 07.03.2019 के संदर्भ में

11- समस्त मण्डलीय उप निदेशक/जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उ0प्र0।

(दीपक त्रिवेदी)
अपर मुख्य सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।